कृषि विज्ञान केन्द्र कौशाम्बी

कृषि विज्ञान केन्द्र कौशाम्बी में किया गया गरीब कल्याण रोजगार अभियान का शुभारम्भ

गरीब रोजगार कल्याण अभियान अंतर्गत बकरी पालन विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ केन्द्र परिसर में हुआ| इसके पूर्व सर्वप्रथम प्रतिभागियों को कोविड – 19 के दिशा निर्देश के क्रम में तापमान माप, हैण्ड सेनेटाइजर, मास्क एवं सामाजिक दूरी का पालन करते हुए कार्यक्रम प्रारंभ किया गया, इस कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि श्री मनोज गौतम जिला कृषि अधिकारी के द्वारा किया गया| उदघाटन सत्र में मुख्य अतिथि ने गरीब कल्याण रोजगार अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जो प्रवासी कामगार बाहर से आयें हुए है उनके लिए यह एक सुनहरा अवसर है जिससे वो अपने घर पर ही रहकर अपने जीवकोपार्जन का मार्ग प्रसस्त कर सकते है | उन्होंने प्रतिभागियों का आवाहन किया कि इन तीन दिनों में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिको द्वारा व्ययसाय से जुडी बारीकियों को ध्यान पूर्वक ग्रहण कर अपना व्यवसाय प्रारंभ करे जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर हो तथा अन्य लोगो के लिए भी रोजगार का सृजन हो सके | उदघाटन सत्र में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ अजय कुमार ने मुख्य अतिथि श्री मनोज गौतम को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया तथा उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि यह अभियान कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा जिले में आगामी 125 दिनों तक चलाया जायेगा और इस अभियान के अन्तरगत कोविड – 19 के कारण दूसरे प्रदेशो से लौटे प्रवासी कामगारों को कृषि से सम्बंधित विभिन्न विषयो जैसे मुगीपालन, बकरी पालन, मत्स्य पालन, मशरूम उत्पादन, बीज उत्पादन, नर्सरी प्रबंधन, खाद्य प्रसंस्करण,केले में मूल्य संवर्धन, वर्मी कम्पोस्टिंग, मधुमक्क्खी पालन एवं एकीकृत फसल प्रणाली में तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा जिससे प्रवासी अपना स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ कर सकें| उन्होंने यह भी बताया कि आज से यह पहला प्रशिक्षण है जिसमे बकरी पालन विषय में आगामी तीन दिनों तक बकरी पालन प्रबंधन एवं अन्य बारीकियो पर विशेष चर्चा होगी | इसी तरह कुल 16 प्रशिक्षण संचालित किये जायेगे जिसमे कुल 560 प्रवासी कामगार प्रशिक्षित होगें| उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक प्रवासियों को उपर्युक्त विषयो से सम्बंधित कार्य प्रारंभ करने में पूरा सहयोग करेंगे| अतः जनपद के इच्छुक प्रवासी कृषि विज्ञान केन्द्र से संपर्क करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है| इस अवसर पर श्री मनोज कुमार गौतम, जिला कृषि अधिकारी; डॉ अजय कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख; श्री जय प्रकाश, ग्राम प्रधान कादीपुर तथा केन्द्र समस्त वैज्ञानिक व कर्मचारी तथा 35 प्रतिभागी उपस्थित रहे |

कृषि विज्ञान केन्द्र कौशाम्बी